2021/13

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री मोहनलाल देशप्रेमी पुत्र श्री त्रिवेणीकांत
जाति राजपुरोहित
निवासी पाड़ीव
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 03 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
27.01.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 07.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति सिरोही के पत्र क्रं. फा/समिति/सरसि/142 दिनांक 04.08.90 में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निवेनदन पत्र पर की सम्पूर्ण विभागीय कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 07.12.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति सिरोही के पत्र क्रं. फा/समिति/सरसि/142 दिनांक 04.08.90 में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निवेनदन पत्र पर की सम्पूर्ण विभागीय कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। सूचना सहकारी समितियां, सिरोही से सम्बन्धित होने के कारण अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 466 दिनांक 09.12.2020 को सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, सिरोही को लिखा गया। चूँकि सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितिया, सिरोही के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर [illegible] हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.12 16:38:50 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner